बच्चों से अपील

प्यारे बच्चों,

हम, आपके माता–पिता, अभिभावक एवं शिक्षकगण आप सब से यह अपील करते हैं। हम सबसे बड़ा आपका कोई अन्य शुभचिंतक नही हो सकता है। आप अवगत हैं कि कोरोना वायरस के संक्रमण से पूरे देश को मिलकर लड़ाई लड़नी है। मा0 प्रधानमंत्री जी ने स्वयं सभी का आह्वान किया है और सहयोग मांगा है। अतः हम सब आपसे अपील करते हैं कि कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए आप सभी अपने–अपने घरों, हॉस्टल अथवा जहाँ भी हैं वहीं रहें। ट्रेन, बस, हवाई जहाज या किसी भी तरह के भीड़ वाले सार्वजनिक वाहनों/साधनों से यात्रा न करें। इस प्रकार के साधन से यात्रा करने पर भी संक्रमण व्यापक रूप से फैलता है।

पुनः अपील है कि आप सभी घर, हास्टल या जहाँ हैं वहीं पर सुरक्षित रहें एवं देश का इस लड़ाई में सहयोग करें।